# मासिक पत्रिका [मई 2019]

|| विचार संस्था ||


हेल्पलाइन नंबर: 6262060333 पता: पुरानी स्टेट बैंक बिल्डिंग, वर्णी कॉलोनी, सागर, [म. प्र.]



# पदाधिकारी



अध्यक्षः श्री कपिल मलैया [9009780020]
[Facebook page : Kapil Malaiya Original]



उपाध्यक्ष :
श्री हरगोविंद विश्व



कार्यकारी अध्यक्षः
श्रीमती सुनीता जैन



सचिव :
कुमारी आकांक्षा मलैया



कोषाध्यक्षः
श्री विनय मलैया

# झूलेलाल जयंती चल समारोह का स्वागत











**विचार संस्था द्वारा झूलेलाल जयंती के उपलक्ष्य में सिंधी समाज द्वारा आयोजित चल समारोह व शोभा यात्रा का स्वागत विचार संस्था के संस्थापक अध्यक्ष श्री कपिल मलैया जी व विचार संस्था की टीम द्वारा तिलकवंदन व माल्यार्पण कर किया गया, और साथ ही सभी लोगो को इस गर्मी के मौसम में पानी व ठंडाई पिलाई, साथ लोगो को प्रसाद वितरण किया गया ।**

# सागर सुधार, सागर विकास

# मोहल्ला विकास योजना

**1. लक्ष्य:** बुंदेलखंड का सुनियोजित विकास

## 2. उद्देश्य:

- नागरिकों में सामाजिक जिम्मेदारी की भावना बढ़ाना
- लोगों की सोचने की छमता बढ़ाना
- उन्हें अपने जीवन के निर्णय विकास की दृष्टि से लेने को प्रेरित करना
- आवश्यक विषयों पर जागरूकता लेकर लोगों के जीवन स्तर में सुधर लाना

## 3. नए मुहल्लों में योजना की शुरुवात:

इसमें 100 घरों के एक समूह को एक मोहल्ले का नाम दिया गया है। इन 100 घरों की जिम्मेदारी कमसेकम 11 सदस्यों की टीम लेती है।टीम में एक पुरूष/महिला को समन्वयक बनाया जाता है शेष 10 लोगों को पालक बनाया जाता है जिसमें प्रत्येक पालक को 10 परिवारों की जिम्मेदारी दी जाती हैं, इस तरह से 10 पालक मिलकर मोहल्ला के क्रम से बने हुए 100 परिवारों को चिन्हित कर कार्य करते

- **कार्य कब व कैसे किया जाता है:-**

इस योजना में माह में होने वाले प्रत्येक रविवार को सिर्फ 30 मिनिट से 1:30 घंटे की गतिविधि कराई जाती है। गतिविधि का समय, पालक अपने हिसाब से तय करते है।

नोट:- किसी भी तरह की गतिविधि के दौरान किसी भी व्यक्ति की बुराई नहीं की जाती न ही किसी तरह का आश्वासन दिया जाता है योजना से हटकर यदि किसी की कोई समस्या है तो उस समस्या से संबंधित दस्तावेजों को एकत्र कर विचार संस्था कार्यालय भेजा जाता है कार्यालय से समस्या को संबंधित विभाग भेजा जाता है

## 4. गतिविधियां:

- सर्वप्रथम हमारे पालकों द्वारा परिवार परिचय के 10-10 फॉर्म  को भरवाया जाता है इसके साथ ही स्वच्छता पर आधारित 10 सूत्रीय कैलेण्डर को सभी घरों में महत्व समझाकर लगवाया जाता है तथा बार बार उस कैलेण्डर पर प्रकाश डलवाया जाता है

- युवा युवतियों को रक्तदान के महत्व व योग ध्यान से जोड़ा जाता है।
- 10 वर्ष से 50 वर्ष तक की महिलाओं को माहवारी का महत्व बताकर प्रथम बार फ्री सैनेटरी पेड सभी को वितरित किये जाते है इसके बाद आगे उपयोग करने के लिए विचार कार्यालय से 6 रू. पैकेट के हिसाब से बैचे जाते है जिसमें 3 पीस होते है मतलब 2 रू. का 1 पीस जबकि विचार संस्था को 1 पैकेट की कीमत 8.25 पैसे पड़ती है शेष 2.25 पैसे का वहन संस्था द्वारा किया जाता है। गैरतलब बात यह है कि बाजार में मिलने वाले अन्य सैनेटरी पेड जो लगभग 25 से 30 रू. के होते है जबकि दोनों पेड की क्वालिटी लगभग समान होती है।

## 5. आयोजन:

- प्रत्येक वर्ष विचार गणतंत्र महोत्सव व विचार स्वतंत्रता महोत्सव के माध्यम से अगली व पिछड़ी मोहल्ला की टीमों को एक मंच पर लाकर उनके बीच की दूरियां कम की जाती है
- दिनांक 8 मार्च 2019 को महिला दिवस के उपलक्ष्य में क्लस्टर बनाकर 7 स्थानों पर बालिकाओं व महिलाओं को वक्ताओं के माध्यम से आत्मरक्षा की टिप्स दी गई।

## 6. सुविधाएं:

- नेकी का घर:- जिसके पास जो अतिरिक्त है वो दे जाते है व जरूरतमंद उसे ले जाते है।
- निशुल्क डॉक्टरी जॉच :- रविवार को छोड़कर हफ्ते में 6 दिन सुबह 11 से 1 बजे तक निशुल्क जांच व दवा वितरण किया जाता है।
- कम्प्यूटर शिक्षा :- बालिकाओं व महिलाओं को 15 दिवस का बेसिक नॉलेज की निशुल्क शिक्षा।
- प्राकृतिक खेती एवं गौ सेवा:- खेती से जुड़े किसान भाईयों को जैविक खेती के टिप्स व गौ-पालन के तरीके सिखाए जाते है।
- शववाहन :- संस्था द्वारा संचालित शववाहन जो कि 24*7 दिन अस्पताल से 30 किलोमीटर तक उनके घर तक निशुल्क सेवाएं प्रदान करना है जो कुछ देने में सक्षम उनसे भी सिर्फ फ्यूल चार्ज ही लिया जाता है।
- पुस्तकालय व वाचनालय :- जैसा कि हम सभी जानते हैं कि विद्या दान महादान है। इसी बात को ध्यान में रखते हुए विचार संस्था द्वारा विभिन्न पाठ्य पुस्तकों का संग्रहालय बनाया गया जिसमें लोग उपयोग की पुस्तकें ले जाते हैं तथा जो उन के उपयोग की नहीं है वह रख जाते हैं।

# मोहल्ला विकास योजना - नई टीमें



रानी दुर्गावती वार्ड न. 01 सेमराबाग
समन्वयक :- नेहा जी



रजाखेड़ी रेलवे गेट न 29 मकरोनिया
समन्वयक:- अभिलाषा पांडेय

## मोहल्ला विकास योजना के अंतर्गत कार्यरत टीमें व समन्वयको की सूची इस प्रकार है

| क्र. | मोहल्ला का नाम | समन्वयक का नाम |
|---|---|---|
| 1 | अप्सरा टॉकीज के बाजु में | लक्ष्मी गुप्ता जी |
| 2 | शास्त्री वार्ड, सुभाष नगर | विनीता जोशी जी |
| 3 | स्टेशन के सामने भगवानगंज | धवल कुशवाहा जी |
| 4 | विठ्ठल नगर | देवेंद्र वर्मा जी |
| 5 | राजीव नगर लेहदरा नाका | तुलसी राम दाऊ जी |
| 6 | काकागंज | अनुराग विश्वकर्मा जी |
| 7 | राजीव आवास योजना ( बाघराज ) | नितिन जैन जी |
| 8 | संजय नगर शिवाजी वार्ड | अलोक जैन जी |
| 9 | बड़ा करीला | सरिता गुरु जी |
| 10 | कृष्णागंज | हेमलता साहू जी |
| 11 | गोपालगंज | विनीता जैन जी |
| 12 | कसाई मंडी राहतगढ़ बस स्टैंड | अजय विश्वकर्मा जी |
| 13 | बसिया भानसा | राहुल प्रजापति जी |
| 14 | सदर | संतोष मिथोरिया जी |
| 15 | तिलकगंज | रौशनी जैन जी |
| 16 | महेंद्र मिल के पीछे | नीलू सागर जी |
| 17 | पगारा रोड भाग्योदय नगर | शशि रैकवार जी |
| 18 | ग्राम पगारा | सोनू यादव जी |

| क्र. | मोहल्ला का नाम | समन्वयक का नाम |
|---|---|---|
| 19 | पुरव्याऊ टोरी | अनुराग विश्वकर्मा जी |
| 20 | सिंधी कैंप | सन्तु पोटवानी जी |
| 21 | ग्राम सिलेरा | अरविन्द्र यादव जी |
| 22 | गुरु गोविन्द्र सिंह वार्ड | देवेंद्र वर्मा जी |
| 23 | मधुकर शाह वार्ड | माया पटैल जी |
| 24 | यादव कॉलोनी-3 | राधा शर्मा जी |
| 25 | तिली (रुद्र राक्ष गार्डन के पास) | स्नेहा मिश्रा जी |
| 26 | आंबेडकर वार्ड | महेंद्र विश्वकर्मा जी |
| 27 | भगवानगंज | प्रमोद नगेले जी |
| 28 | मछरयाई | राजकुमार राय जी |
| 29 | हनुमान पायेगा | कान्ति दीदी जी |
| 30 | भरका रोड सूबेदार वार्ड | राजकुमारी पवार जी |
| 31 | दयानन्द वार्ड | संजय जैन जी |
| 32 | कटरा | संजय सवाई जी |
| 33 | यादव कॉलोनी | उर्मिला मिश्रा जी |
| 34 | यादव कॉलोनी-2 | पुष्पा तिवारी जी |
| 35 | मधुकर शाह वार्ड-2 | आशालता श्रीवास्तव जी |
| 36 | साहू टिग्गड़ा वल्लभ नगर | अजय विश्वकर्मा जी |
| 37 | खुशीपुरा सुभाष नगर | अमित शर्मा जी |
| 38 | सनराइज टाउन के पास तिली | संदीप भदौरिया जी |
| 39 | संत रविदास वार्ड 2 | जुगल किशोर जी |
| 40 | भाग्योदय नगर 2 | कमल विश्वकर्मा जी |
| 41 | रामपुरा वार्ड | ऋतु बावरे जी |
| 42 | भाग्योदय के सामने रविदास वार्ड | पूजा अहिरवार जी |
| 43 | आई टी आई के सामने रविदास वार्ड | शीला रैकवार जी |
| 44 | बाघराज बीड़ी कॉलोनी तिली | शशि रोहित जी |
| 45 | ग्राम पटकुई बरारु | योगेश गुरु जी |
| 46 | संत रविदास वार्ड | रंजीता गोस्वामी जी |
| 47 | हरिसिंह गौर वार्ड तहसीली | सीता साहू जी |
| 48 | शास्त्री वार्ड (धर्म की टाल के पास ) | कस्तूरी बाई विश्वकर्मा जी |
| 49 | सिंधी कैंप 2 | आशा बादवानी जी |
| 50 | तिलकगंज -2 | भरत कुमार पटेल जी |
| 51 | संत रविदास वार्ड जॉय कैंपियान स्कूल | लक्ष्मी सेन जी |
| 52 | हरिसिंह गौर वार्ड तहसीली -2 | गीता मिश्रा जी |
| 53 | संत रविदास वार्ड छोटी मजार के पास | राजा अहिरवार  जी |
| 54 | रानी दुर्गावती वार्ड न.01 सेमराबाग | नेहा जी |
| 55 | रजाखेड़ी रेलवे गेट न 29 मकरोनिया | अभिलाषा पांडेय जी |

# मोहल्ला विकास योजना

## मोहल्ला विकास की टीमों के साथ महावीर जयंती चल समारोह









विगत कई वर्षों से महावीर जयंती के उपलक्ष्य में सागर शहर में कटरा स्थित गौरा बाई मंदिर से भगवान महावीर स्वामी जी की विशाल शोभायात्रा व चल समारोह का आयोजन होता आ रहा है। जिसमें इस वर्ष विचार संस्था द्ववारा चलाए जा रहे मोहल्ला विकास योजना के अंतर्गत अनेकों मोहल्लों के समन्वयक व पालक सामिल रहे।

**समन्वयक व पालकों ने मिलकर दो झांकियां प्रस्तुत कीं जिसका मुख्य उद्देश्य मोहल्लों में पूर्व की स्थिति तथा मोहल्ला विकास योजना के प्रकल्पों के माध्यम से समन्वयक व पालकों ने मोहल्लों में जो भी बदलाव लाने का प्रयास किया उसको दूसरी झांकी में प्रस्तुत किया। साथ ही साथ करीब 150 लोगों ने शोभायात्रा में शिरकत की व विचार संस्था की प्रस्तुति व सदस्यों का अनुशासन देखकर आयोजनकर्ताओं द्वारा विचार संस्था को तृतीय पुरस्कार से नवाजा गया।**









# मोहल्ला विकास योजना

# हनुमान जयंती चल समारोह










विगत कई वर्षो से हनुमान प्रकटोत्सव के उपलक्ष्य में सदर स्थित सिद्धेश्वर मंदिर से धर्म रक्षा संगठन द्वारा चल समारोह व शोभा यात्रा का आयोजन किया जाता हैं इस आयोजन में विचार संस्था द्वारा चलाये जा रहे मोहल्ला विकास योजना के अंतर्गत अनेको मोहल्लो के समन्वयक व पालको ने मिलकर दो झाकियां प्रस्तुत की जिसका मुख्या उद्देश्य मोहल्लों में पूर्व की स्थिति तथा मोहल्ला विकास योजना की प्रकल्पो के माध्यम से समन्वयक व पालको ने मोहल्लों में जो व बदलाव लाने का प्रयास किया उसको दूसरी झांकी में प्रस्तुत किया ।

# मोहल्ला विकास योजना :- गतिविधि

## अनावरण :- युवाओं को कॅरिअर की व्यबहारिक जानकारी










विचार संस्था द्वारा चलाये जा रहे मोहल्ला विकास योजना के तहत संचालित प्रोजेक्ट अनावरण के द्वारा युवाओ को व्यावहारिक जानकारी देने के लिए एक वर्कशॉप का आयोजन किया गया जिसका मुख्य उद्देश्य एक शोरूम के दैनिक कामकाज और प्रबंधन के लिए उन्हें उजागर करना था, श्रमिकों के नियमित जीवन और कार्यकारी अधिकारियों के कैरियर की यात्राएं। उन्होंने सवालों के जवाब मांगे ।

जैसे: एक ग्राहक के साथ कैसे व्यवहार करें ? उन्हें विशेष महसूस करने के लिए कैसे? और उन्हें उत्पाद खरीदने के लिए कैसे प्रेरित किया जाए ?

# मोहल्ला विकास योजना :- गतिविधि

## अनावरण :- बुंदेलखोज प्रोजेक्ट









## जीर्ण शीर्ण हो रहे धरोहर को बचाना है - आकांक्षा मलैया

विचार संस्था एवं रोट्रेक्ट क्लब ऑफ सागर ने गढ़पहरा में बुंदेलखोज प्रोजेक्ट के तहत एक कार्यक्रम किया। आकांक्षा मलैया विचार संस्था सचिव व अध्यक्ष रोट्रेक्ट क्लब ऑफ सागर ने बताया कि कार्यक्रम का उद्देश्य जीर्ण शीर्ण हो रहे धरोहर को बचाने की मुहिम के तहत किया गया।उन्होंने बताया कि वह ऐसे और भी कार्यक्रम करेंगी जब तक सागर के पर्यटन में निखार नहीं आता।

विचार संस्था द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में सबसे पहले एक फ़िल्म दिखाई गयी जिसका नाम दी टेम्पिल ऑफ  लाइट एण्ड डार्क है। इसके डायरेक्शन अनुभव जैन, सिनेमाटोग्राफी विजय कुमार ने और प्रोड्यूसर विजय पांडे है। अनेक जगह से आये लोगों को बस द्वारा विचार संस्था द्वारा लाया गया। सुबह का नाश्ता सभी ने साथ में किया और उसके बाद सभी ने टूर का आनंद लिया। प्रकृति और पर्यावरण के लिए एक झांकी स्लोगन के साथ दिखाई गयी। एक बच्चा आदित्य आलोक जैन ध्यान मुद्रा में लीन पेड़ के नीचे बैठा पर्यटकों को अध्यात्म की ओर ले गया। उसके बाद शीशमहल का लाइव फोटोग्राफ और गाइड अक्षत चतुर्वेदी और अनुभव जैन की मदद से पूरा विवरण दिया गया और उसे दी टेम्पिल ऑफ लाइट एण्ड डार्क बोलने के पीछे राज बताया गया। आगे एक विशेष नुक्कड़ नाटक की प्रस्तुति प्रकृति संरक्षण और धरोहर संरक्षण के लिए यूनिवर्सिटी के कुछ छात्र अनुज अहिरवार, दीपेश अहिरवार, रूपेश सागर, नरेश और यशवंत द्वारा दी गयी । कुछ लोक गीत की प्रस्तुति के साथ ही टूर को विराम दिया गया। 223 सीढ़ियां उतरकर नीचे कुछ प्रतियोगिताएं आयोजित की गई जिसमें फोटोग्राफी और ड्राइंग में अनेक लोगों ने भाग लिया। इसके जज आकांक्षा मलैया , पराग सुरेलिया और राहुल पांडे द्वारा किया गया। पूरे कार्यक्रम की सफलता में इससे जुड़े वालंटियर का सहयोग रहा। जिसमें आकांक्षा मलैया, अनुभव जैन, ऋतिक जैन, अनुभव जैन, अभिलाषा जाटव, गौरव सोनी, रिया मलैया और सृष्टि राज सिंह शामिल रहे। **INIFD** के विद्यार्थियों द्वारा भी इसमें शामिल हुए एवम् प्रतियोगिताओं में सफल भी रहे। जानकारी के लिए बुक " **the outline district, The landmarks, the lost architecture** की सहायता ली गई जिसके लेखक अनुभव जैन है।



दैनिक भास्कर

**क्लब... गढ़पहरा में बुंदेल खोज प्रोजेक्ट पर कार्यक्रम, प्रतियोगिताएं भी हुईं**

**सागर** | विचार संस्था एवं रोट्रेक्ट क्लब ऑफ सागर ने गढ़पहरा में बुंदेल खोज प्रोजेक्ट के तहत एक कार्यक्रम किया। इस दौरान एक फिल्म दी टैंपल ऑफ लाइट एंड डार्क भी दिखाई गई। जिसके निर्देशक अनुभव जैन, सिनेमेटोग्राफी विजय कुमार और प्रोड्यूसर विजय पांडे थे। शीश महल का लाइव फोटोग्राफ दिखाकर गाइड अक्षत चतुर्वेदी और अनुभव जैन ने फिल्म के पीछे का राज बताया। नुक्कड़ नाटक की प्रस्तुति प्रकृति संरक्षण और धरोहर संरक्षण के लिए विवि छात्र अनुज अहिरवार, दीपेश अहिरवार, रूपेश सागर, नरेश और यशवंत ने की। लोकगीत भी हुए। फोटोग्राफी और ड्राइंग प्रतियोगिताएं भी हुईं। इसकी जज क्लब अध्यक्ष और संस्था सचिव आकांक्षा मलैया, पराग सुरेलिया और राहुल पांडे रहे। इस मौके पर अनुभव जैन, ऋतिक जैन, अभिलाषा जाटव, गौरव सोनी, रिया मलैया, सृष्टि राज सिंह आदि मौजूद थीं।





# मोहल्ला विकास योजना :- स्वक्षता पर गतिविधि

**विचार संस्था द्वारा चलाये जा रहे मोहल्ला विकास योजना के तहत विचार के पालक के द्वारा उनके चिन्हित घरो में जाकर स्वक्षता के 10 सूत्रीय कैलेंडर वितरित किये और लोगो के स्वक्षता प्रति जागरूक किया ।**



पालक :- आकांक्षा मलैया
मोहल्ला :- तिलकगंज



पालक :- सुनीता जैन
मोहल्ला :- तिलकगंज



पालक :- नितिन पटैरिया
मोहल्ला :- सदर कैंट



पालक :- मनोज राय
मोहल्ला :- तिलकगंज



पालक :- पूजा प्रजापति
मोहल्ला :- बरियाघाट



पालक :- राहुल अहिरवार
मोहल्ला :- मकरोनिया



पालक :- शिखा चौरसिया
मोहल्ला :- तिलकगंज

# मोहल्ला विकास योजना :- स्वक्षता पर गतिविधि



पालक :- अंकित रजक
मोहल्ला :- गुजरती बाजार



पालक :- ईश्वर सैनी
मोहल्ला :- गोपालगंज



पालक :- प्रीती लोधी
मोहल्ला :- तिलकगंज



पालक :- चांदनी लोधी
मोहल्ला :- तिलकगंज




पालक :- रामकुमार बाल्मीकि
मोहल्ला :- सदर कैंट



पालक :- जवाहर अहिरवार
मोहल्ला :- सदर कैंट



पालक :- बद्री सेन
मोहल्ला :- विट्ठलनगर



पालक :- अरविन्द अहिरवार
मोहल्ला :- धर्मश्री

# मोहल्लो में नव चेतना शिविर










**विचार संस्था द्वारा संचालित मोहल्ला विकास योजना के तहत मोहल्लो में कार्यरत टीमों में नव चेतना शिविर का आयोजन किया गया ।**

**पहले टीम के सभी समन्वयको यह प्रशिक्षण दिया गया और फिर समन्वयको और विचार के सेवको के द्वारा यह आयोजन मोहल्लो में आयोजित किया गया । और शिविर के हमत्व को बताते हुए लोगो के स्वस्थ के प्रति जागरूक किया ।**

# निशुल्क जांच व दवा वितरण

**डॉ शैफाली मलैया सप्ताह में 6 दिन (सोमवार, मंगलवार, बुधवार, गुरुवार, शुक्रवार, शनिवार) 11 से 1 बजे के बीच विचार कार्यालय में मरीजों की निशुल्क जांच करती हैं। इस माह में की गई जांच की सूची इस प्रकार है**






## बीमारी से बचने के कुछ उपाये:-

- सुबह की हल्की धूप में आधे घंटे बैठने से और दूध/ पनीर/ छाछ आदि लेने से हड्डियां मजबूत होती हैं और स्नायु का दर्द नहीं होता।
- हरी पत्तेदार सब्जियां खाने से खून की कमी नहीं होती।
- रोज एक मौसमी फल खाने से शरीर में खनिज पदार्थों की पूर्ति होती है।
- पानी उबालकर पीने से और फिटकरी फेरने से कॉलरा, टाइफाइड, उल्टी, दस्त आदि बीमारियों से बचा जा सकता है।
- रोज कम से कम 8 से 10 गिलास पानी पीने से किडनी की बीमारियां जैसे पथरी एवं यू.टी.आई. आदि नहीं होती।
- गर्मियों में पनीली सब्जियां खानी चाहिए।
- बासी रोटी खाने से शुगर एवं कोलेस्ट्रॉल नियंत्रित रहता है।
- मसालेदार और तली हुई चीजों से पेट में जलन होती है और गैस बनती

# विचार संस्था द्वारा संचालन निशुल्क शव वाहन




**दुख की घड़ी में हम आपके साथ हैं! दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप (सागर मेंन) द्वारा प्रदत्त, विचार संस्था निशुल्क शव वाहन का संचालन कर रही है। इससे निम्नलिखित अवसरों पर लोगो की सहायता की गयी है:**

| क्रमांक | दिनांक | प्रस्थान स्थल | आगमन स्थल |
|---|---|---|---|
| 1 | 01/04/2019 | तिली हॉस्पिटल | टीला बुजुर्ग, सागर |
| 2 | 04/04/2019 | बी एम सी | सुरखी, सागर |
| 3 | 05/04/2019 | तिली हॉस्पिटल | मुरली बासुधा, सागर |
| 4 | 10/04/2019 | तिली हॉस्पिटल | राहतगढ़ बस स्टैंड सागर |
| 5 | 11/04/2019 | बी एम सी | यादव कॉलोनी सागर |
| 6 | 11/04/2019 | बी एम सी | जयश्रीनगर सागर |
| 7 | 12/04/2019 | बी एम सी | मदिया विठल नगर |
| 8 | 14/04/2019 | तिली हॉस्पिटल | फतेहपुर, बङा |
| 9 | 16/04/2019 | तिली हॉस्पिटल | समनापुर, सागर |
| 10 | 18/04/2019 | बी एम सी | शाहपुर , सागर |
| 11 | 20/04/2019 | तिली हॉस्पिटल | ग्राम खाकरोन ढाना, सागर |
| 12 | 22/04/2019 | तिली हॉस्पिटल | खुरई झंडा चौक, सागर |
| 13 | 22/04/2019 | बी एम सी | ढाना पाठक मोहल्ला सागर |
| 14 | 23/04/2019 | तिली हॉस्पिटल | बाघराज, सागर |
| 15 | 23/04/2019 | बी एम सी | रिछावर पोस्ट पामाखेड़ी सागर |
| 16 | 24/04/2019 | बी एम सी | पजरानी चकेरी बङा |
| 17 | 27/04/2019 | भाग्योदय हॉस्पिटल | बीना |
| 18 | 27/04/2019 | तिली हॉस्पिटल | माड़िया विट्ठल नगर सागर |
| 19 | 27/04/2019 | तिली हॉस्पिटल | गौरनगर मकरोनिया सागर |
| 20 | 29/04/2019 | बी एम सी | दलपतपुर |
| 21 | 29/04/2019 | बी एम सी | पगारा रोड भाग्योदय नगर |
| 22 | 30/04/2019 | बी एम सी | मोचल गांव |
| 23 | 30/04/2019 | तिली हॉस्पिटल | ढाना |

# विचार पुस्तक घर पर आईं ढेरों पुस्तकें



**"पुस्तक घर जरुरतमन्दो के लिए बरदान सावित हो रहा हे और साथ ही  इस पुस्तक घर के लिए ढेरो पुस्तक आ रही हे”**

विचार संस्था द्वारा ‘विचार पुस्तक घर’ का किया गया था, उद्घाटन कार्यकारी अध्यक्ष श्रीमति सुनीता अरिहंत जी के द्वारा किया गया। इस अवसर पर स्व। श्री कोमलचंद जी जैन जिनकी सुपुत्री डॉ। अलका जैन द्वारा 1200 पुस्तकें विचार पुस्तक घर के लिए प्रदत्त की था। युवा ईकाई अध्यक्ष कु। आकांक्षा मलैया ने कहा कि बच्चे, युवा, प्रौढ़, वृद्ध एवं महिलायें पुस्तक घर में ही बैठकर अपने अतिरिक्त समय का उपयोग अध्ययनरत होकर कर सकते हैं। इसके अलावा विचार संस्था से अपनी कोई भी एक किताब देकर बदले में दूसरी किताब ले जाएं, स्कूली बच्चे अपनी पिछले वर्ष की किताबें रखकर अगले वर्ष की किताबें ले जाएं, सीबीएसई, एमपी बोर्ड, विज्ञान, विधि, कम्प्यूटर, प्रतियोगी परीक्षा, उपन्यास आदि उपलब्ध, भारत रत्न श्री अटल बिहारी वाजपेयी जी पुस्तक संग्रह भी विचार कार्यालय में उपलब्ध है।

# विशेष







**धर्म रक्षा संगठन द्वारा हनुमान प्रकट उत्सव एवं चल समारोह में मुख्य अतिथि छोटी बहन आकांक्षा मलैया को हनुमान जी का गदा देकर सम्मान किया और विचार संस्था की युवा अध्यक्ष आकांक्षा दीदी के कामों को मंच के माध्यम से सभी को बताया ।**

# मोहल्ला विकास योजना

## पब्लिक स्पीकिंग वर्कशॉप






**मोहल्ला विकास योजना" के अंतर्गत विचार संस्था कार्यालय में मोहल्ला टीमों के समन्वयकों के साथ पब्लिक स्पीकिंग वर्कशॉप का आयोजन किया गया जिसका संचालन श्रेयांश जैन जी ने किया तथा सब्जियों के छिलकों से एंजाइम्स बनाने की विधि बताई गयी।**



# मोहल्ला विकास योजना

## एंजाइम बनाने की कार्यविधि व फायदे

# एन्जाइम के फायदे

## एन्जाइम का मतलब फिनाइल

जो घर, बाथरूम, टायलेट, टाइल्स, बर्तन आदि को साफ करने में सहायक होता है।

**एन्जाइम बनाने की विधि -**

एक लीटर के खाली डिब्बा में आधा लीटर पानी, 250 ग्राम जैविक कचरा जैसे घर की कच्ची सब्जियों के छिलके आदि, 150 ग्राम गुड़ ।



फिर सबका मिश्रण कर 90 दिन तक डिब्बा में रखें तथा 24 घंटे में गैस निकालने के लिए एक-दो मिनिट के लिए डिब्बा के ढक्कन को खुला छोड़ दें।

: निवेदक :

**विचार संस्था**

स्थान : पुराना स्टेट बैंक भवन, वर्णी कॉलोनी कटरा वार्ड, सागर (म.प्र.)

हेल्पलाइन नं. : 6262060333, 07582-224488

# नि:शुल्क कागज शिल्प प्रशिक्षण




# मई माह में होने वाली गतिविधियाँ

| दिनांक | गतिविधि | समय | स्थान |
|---|---|---|---|
| 5-10 मई | नि:शुल्क पेपर बैग व किवलिंग प्रशिक्षण | 4:00-6:00 शाम | विचार कार्यालय वर्णी कॉलोनी सागर |
| 13 मई | पालक सम्मलेन | 4:30-8:00 शाम | रविन्द भवन बस स्टैंड के पास |
| 19 मई | प्रथम गतिविधि<br>{परिवार परिचय फॉर्म भरवाना} | | मोहल्लो में |
| 26 मई | द्वितीय गतिविधि<br>{स्वक्षता कैलेंडर एवं जागरूकता} | | मोहल्लो में |
| 26-28 मई | आर्ट ऑफ लिविंग बाल चेतना शिविर | | मोहल्ला विकास योजना से जुड़े सभी मोहल्लो में |

VICHAR SANSTHA

विचार की दैनिक रिपोर्ट व गतिविधियों की जानकारी के लिए
देखे हमारा फेसबुक पेज: @Vicharsanstha

व्हाट्सएप पर जानकारी पाने के लिए इस नंबर को सेव करें व
इस पर अपना नाम लिखकर व्हाट्सएप मैसेज करें:
+91 7067431370

## हमारे सागर सुधार सागर विकास अभियान से जुड़ने के लिए संपर्क करें:
## नितिन पटेरिया: +91 9009780042

**विचार की अन्य गतिविधियों से जुड़ने के लिए संपर्क करें:**

**आकांक्षा मलैया: 9165422888**

**प्रीति लोधी: +91 7067431370**